**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2553**

**(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए)**

## निःशुल्क दूरदर्शन डीटीएच सेवाएं

**2553. श्री जी. सेल्वमः**
**श्री सी. एन. अन्नादुरईः**
**श्री नवसकनी के.:**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) देश भर में निःशुल्क दूरदर्शन डीटीएच सेवाओं की वर्तमान पहुंच और कवरेज कितनी है;

(ख) क्या खराब टेरेस्ट्रियल या केबल कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में कवरेज का विस्तार करने की कोई योजना है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश भर में वितरित किए गए निःशुल्क दूरदर्शन डीटीएच कनेक्शनों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों या ग्रामीण परिवारों जैसी किसी विशिष्ट श्रेणी को निःशुल्क डीटीएच कनेक्शन प्राप्त करने के लिए प्राथमिकता दी गई है;

(ङ) दूर-दराज और आदिवासी क्षेत्रों में ऐसे कनेक्शनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(च) क्या निःशुल्क डीटीएच कनेक्शनों के वितरण से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरदर्शन चैनलों के दर्शकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या लाभार्थियों पर निःशुल्क डीटीएच सेवाओं के संबंध में संतुष्टि और प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई फीडबैक तंत्र मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

(क) से (छ): दूरदर्शन (डीडी) फ्री डिश एक फ्री-टू-एयर डीटीएच सेवा है जिसकी संपूर्ण भारत में पूर्ण कवरेज है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के मामले में, एक विशेष 10 चैनल सी-बैंड सैटेलाइट डीटीएच सेवा प्रचालनरत है। वर्तमान में भारत में लगभग 45 मिलियन टीवी घरों में डीडी फ्री डिश है (उद्योग आकलन)।

डीडी फ्री डिश संपूर्ण देश में प्रमुखता से उपलब्ध है।

*****